कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 22.04.2025

विषयः- चोरी व नकबजनी के विभिन्न अभियोगों में वांछित शातिर चोर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से माल मशरुका बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 22.04.2025 को हरिजन बस्ती भगवानपुर से 01 नफर चोर साहिल गौड पुत्र सुद्दु गौड नि0 भगवानपुर थाना लंका वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनाक 22.04.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की तलाश के क्रम में थाना लंका पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर शातिर चोर साहिल गौड पुत्र सुद्दु गौड नि0 भगवानपुर थाना लंका वाराणसी को गिरफ्तार किया गया

पंजीकृत अभियोग/ आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 0473/2024 धारा 305(ए), 317(2), 317(4), 331(4) बी0एन0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं 0322/2024 धारा 305, 331, 317(2) BNS व बढोत्तरी धारा 317(4) थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
3. 0437/2024 धारा 331(4), 305, 317(2), 317(4) बी0एऩ0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0 0347/2024 धारा 115(2)/191(2)/304(2)/352 बी0एन0एस0 थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 0333/2023 धारा 380/411/457 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. साहिल गौड पुत्र सुद्दु गौड उर्फ सुबाष गौड़ नि0 भगवानपुर थाना लंका वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व घटनास्थल</u> - दिनांक घटना 22.04.2025 को हरिजन बस्ती भगवानपुर, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>विवरण बरामदगी</u>

अभियुक्त के कब्जे से मु0अ0सं0 0322/2024 धारा 305, 331, 317(2) BNS व बढोत्तरी धारा 317(4) थाना लंका, कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित मशरुका 780 रुपये बरामद।

<u>विवरण पूछताछ</u>

पकड़े गये अभियुक्त से पूछताछ करने पर बता रहे हैं कि यह जो पैसा मेरे पास से बरामद हुआ है वह, मै और मेरे साथी बाबू सोनकर उर्फ प्रियांशु सोनकर पुत्र माताप्रसाद सोनकर निवासी भगवानपुर लकां व सचिन राउत पुत्र हीरालाल राउत निवासी गढवाघाट लंका के साथ मिलकर हम तीनो ने शिवराजनगर कालोनी में एक घऱ में चोरी किये थे। चोरी में बरामद कीमती सामान हमलोगों ने राह चलते मुसाफिरो को बेचकर जो रुपये इक्ट्ठा किये थे हम आपस मे पैसा बाँट चुके है। अभी जो रुपये आप हमसे बरामद किये है व उसी चोरी के है हमारा कोई और कमाई का जरिया नही है हम लोग चोरी कर के ही इसी तरह से अपना गुजर बसर करते है।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री सौरभ तिवारी, चौकी प्रभारी बी0एच0यू0, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. प्र0उ0नि0 शिवाकान्त शर्मा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. आरक्षी रामपाल सिह, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
5. आरक्षी रंगराजन कुमार, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल पुलिस
उपायुक्त, जोन काशी कमिश्नरेट
वाराणसी